Bihar Board Class 6 Social Science History Solutions Chapter 7 प्रारंभिक राज्य

अभ्यास

प्रश्न 1.
दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

प्रश्न (क)
महाजनपदों का विवरण प्राप्त होता है
(i) ऋग्वेद
(ii) अंगुत्तर निकाय
(iii) चित्रित धूसर मृदभांड
(iv) ब्राह्मण ग्रंथ
उत्तर-
(ii) अंगुत्तर निकाय

प्रश्न (ख)
कौन-सा महाजनपद बिहार में स्थित है ?
(i) अंग
(ii) कोसल
(iii) कौशाम्बी
(iv) अवन्ति
उत्तर-
(i) अंग

प्रश्न (ग)
राजा भूमि की उपज का कितना हिस्सा प्राप्त करता था ?
(i) छठा
(ii) सातवों
(iii) पाँचवाँ
(iv) चौथा
उत्तर-
(i) छठा

प्रश्न (घ)
मगध के शासक अजातशत्रु की राजधानी कहाँ थी?
(i) पाटलीपुत्र
(ii) गया
(iii) वैशाली

https://www.evidyarthi.in/

(iv) राजगृह
उत्तर-
(iv) राजगृह

प्रश्न (ङ)
निम्नलिखित में से कौन गणराज्य था ?
(i) मगध
(ii) कोसल
(iii) वत्स
(iv) लिच्छिवी
उत्तर-
(iv) लिच्छिवी

प्रश्न 2.
खाली स्थान को भरो

1. अवन्ति का राजा .... था।
2. वज्जि संघ की राजधानी ....थी।
3. पाटलिग्राम की स्थापना .... ने की।
4. नन्दवंश के शासक .... के समय सिकन्दर का भारत पर आक्रमण हुआ।
5. लिच्छवी .... संघ का एक गण था ।

उतर-

1. अवन्ति का राजा अवन्ति था।
2. वज्जि संघ की राजधानी वैशाली थी।
3. पाटलिग्राम की स्थापना अजातशत्रु ने की।
4. नन्दवंश के शासक घनानंद के समय सिकन्दर का भारत पर आक्रमण हुआ।
5. लिच्छवी वैशाली संघ का एक गण था ।

प्रश्न 3.
आओ चर्चा करें :

प्रश्न (क)
राजा को कर की क्यों आवश्यकता पड़ी। उस काल में कौन-कौन लोग कर चुकाते थे ?
उत्तर-
राजा अपने शासन को चलाने के लिए कर्मचारी रखते थे। सुरक्षा के लिए सेना रखते थे। इन सबों को वेतन देने के लिए राजा ‘कर’ लेते थे। ‘कर’ चुकता करने वालों में किसान, शिल्पकार, व्यापारी, पशुपालक आदि थे।

प्रश्न (ख)
महाजनपदों के राजा अपनी राजधानी को क्यों किलाबंदी करते थे ?
उत्तर-

https://www.evidyarthi.in/

महाजनपद अपने राजधानी का किलाबंदी कराते थे। इसका कारण था राजधानी से ही पुरे राज्य की देख-रेख होती, उनके और कर्मचारियों के परिवार रहते, इन सबों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से ही राजधानियों की किलाबंदी कराते थे। साथ ही साथ यह भी ध्यान था, किलेबंदी होने पर कम सैनिक ही सुरक्षा प्रदान कर लेते थे।

प्रश्न (ग)
मगध के उत्थान में प्राकृतिक संसाधनों की मुख्य भूमिका क्या थी?
उत्तर-
मगध के निकटवर्ती क्षेत्रों में लोहे की खानें थीं जो हथियार के लिए सहायक, गंगा नदी के कारण उपजाऊ भूमि थी जो कृषि के लिए उपयोगी थी। जंगलों में हाथियों की संख्या अधिक थी जो युद्ध के लिए सहायक था। राजगीर पहाड़ियों से घिरा था तो पाटलीपत्र नदियों से जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से सवोपरि था। नदियों से व्यापार में सुविधा मिली। इस तरह मगध के उत्थान में प्रत्येक क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों की मुख्य भूमिका थी।

प्रश्न (घ)
द्वितीय नगरीकरण के विकास पर चर्चा करें
उत्तर-
छात्र स्वयं करें

आइए करके देखें

प्रश्न (क)
के आधार पर. यह पता लगायें कि आज लोग किन-किन करों को चुकाते हैं ? इसकी एक सूची बनायें।
उत्तर-

- पहले – किसान, शिल्पी, व्यापारी, पशुपालक, व्यवसाय
- आज – किसान, व्यापारी, सड़क कर, भवन कर, व्यवसाय कर, ऑटो कर

प्रश्न (ख)
गणराज्यों के शासन में लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती थी। आज के प्रजातंत्र में लोगों की भूमिका से इसकी तुलना करें ।
उत्तर-
यह बात सही है कि पहले ” गणराज्यों में लोकमत की प्रवृत्ति दिखाई देती है।” यह कथन आज भी है। आज लोकतंत्र है किसी भी प्रकार का कानून यदि आज, बनाना है तो उसे लोकसभा में पारित करना होता है, उस पर विचार-विमर्श होता है और बहुमत के आध पार पर कानून का निर्माण होता है।

आज बदली हई परिस्थितियों में विध न सभा जो राज्य के कानून बनाते हैं । इसमें भी बहुमत के द्वारा कानून बनता है। पहले भी राजाओं की एक जगह सभा होती और विचार-विमर्श के बाद किसी मुद्दे पर फैसला लिया जाता था। इस प्रकार हम कहते हैं कि पहले गणराज्यों में लोकमत की प्रवृत्ति थी।

https://www.evidyarthi.in/